श्री दिनेश कुमार शुक्ला ने परमाणु ऊर्जा नियामक परिषद (एईआरबी) की बागडोर संभाली

Shri Dinesh Kumar Shukla
Chairman, AERB

श्री दिनेश कुमार शुक्ला, परमाणु ऊर्जा नियामक परिषद (एईआरबी) के पूर्व कार्यकारी निदेशक और प्रतिष्ठित वैज्ञानिक ने दिनांक 31 दिसंबर 2022 को एईआरबी के अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया। उन्हें तीन साल की अवधि के लिए इस पद पर नियुक्त किया गया है।

श्री दिनेश कुमार शुक्ला नाभिकीय संरक्षा के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त विशेषज्ञ हैं। 1980 में गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज, जबलपुर, मध्य प्रदेश (म.प्र.) से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक करने के बाद, श्री शुक्ला वर्ष 1981 में भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बीएआरसी) से जुड़े। वह हाई फ्लक्स रिसर्च रिएक्टर ध्रुवा के कमीशनिंग से जुड़े रहे हैं और बाद में उन्होंने रिएक्टर ऑपरेशंस डिवीजन (आरओडी), बीएआरसी के प्रमुख का पद संभाला। 2015 में, वह एईआरबी में शामिल हुए जहां उन्होंने बोर्ड के सदस्य, कार्यकारी निदेशक और प्रचालनरत संयंत्रों के लिए संरक्षा समीक्षा समिति (एसएआरसीओपी) के अध्यक्ष जैसी विभिन्न क्षमताओं में सेवा की। फरवरी 2021 में, श्री शुक्ला एईआरबी से सेवानिवृत्त हुए और तब से नाभिकीय संरक्षा और विनियमों पर नाभिकीय ऊर्जा पेशेवरों को सक्रिय रूप से सलाह दे रहे थे।